









# नपा अध्यक्ष चोपड़ा के नेतृत्व में बगीचों का कायाकल्प...

- मनमोहक फव्वारे, बच्चों के लिए मनोरंजन के साधन मोह रहे लोगों का मन

**नीमच।** नगर पालिका परिषद नीमच की अध्यक्ष स्वाति गौरव चोपड़ा द्वारा स्वच्छ नीमच के साथ स्वस्थ नीमच का संकल्प लेकर पर्यावरण सुधार की भावना से आमजन को शुद्ध हवा और स्वच्छ माहौल उपलब्ध कराने के लिए नीमच शहर के प्रमुख बगीचों का सौन्दर्यीकरण करवाया जा रहा है।

नपा अध्यक्ष स्वाति गौरव चोपड़ा ने सोमवार को नपा उपाध्यक्ष रंजना करण सिंह परमाल, स्वास्थ्य सभापति धर्मेश पुरोहित और पार्षद योगेश कविश्वर के साथ शहर के प्रमुख उद्यान गांधी वाटिका, महावीर वाटिका व शिक्षक कॉलोनी स्थित बालाजी मंदिर बगीचे का निरीक्षण किया व बगीचा शाखा प्रभारी को आवश्यक निर्देश दिए! निरीक्षण के दौरान बगीचा शाखा प्रभारी महावीर जैन भी नपाध्यक्ष के साथ थे।

नपा अध्यक्ष चोपड़ा ने बताया कि वर्तमान में शहर के 18 बगीचों का लाखों रुपए की लागत से सौंदर्यीकरण के तहत रंग रोगन, लाइटिंग, पौधों की कटिंग व पौधारोपण सहित अनेक कार्य करवाए गए हैं तथा गांधी वाटिका में सौंदरीकरण का कार्य निरंतर जारी है! चोपड़ा ने बताया कि बगीचों के सौंदरीकरण से बगीचे खूबसूरत लगने लगे हैं और आमजन का बगीचों की और रुझान बड़ा है! चोपड़ा ने बताया कि गांधी वाटिका में पाथवे पर एक्यूप्रेशर टाइल्स व मंदिर के पास गेट से सीसी रोड निर्माण का प्रकरण भी तैयार किया गया है।

**नमो पार्क होगा शहर का प्रमुख उद्यान** – चोपड़ा ने बताया कि ग्वालटोली तलैया के पास करोड़ों रुपए की लागत से नमो पार्क विकसित किया जाएगा जिसकी ड्राइंग डिजाइन तैयार हो चुकी है! नमो पार्क में सुंदर बगीचा, आकर्षक लाइटिंग, मनमोहक फव्वारे, बच्चों के मनोरंजन के साधन व आमजन के घूमने के लिए सुंदर पाथवे का निर्माण होगा।

**आमजन भी एक घंटा मोबाइल से निकलकर बगीचे की और रुख करें** – नपा अध्यक्ष श्रीमती चोपड़ा ने शहर वासियों के नाम अपने संदेश में कहा कि वर्तमान समय में बड़े से लेकर बच्चे तक मोबाइल में इस कदर व्यस्त है कि वे बगीचे में घूमने जाने और अपने स्वास्थ्य स्वास्थ्य के लिए समय ही नहीं निकाल पाते हैं। मेरा सभी से अनुरोध है कि वह प्रतिदिन एक घंटा परिवार के साथ बगीचों में आनंद लें।

### इन बगीचों का हुआ सौन्दर्यकरण

चोपड़ा ने बताया कि वर्तमान में गांधी वाटिका, महावीर वाटिका, शिक्षक कॉलोनी स्थित बालाजी मंदिर बगीचा, राजस्व कॉलोनी बगीचा, राठौर पार्क नीमच सिटी, शांति नगर में दो बगीचे, विकास नगर स्थित योगेश्वर महादेव मंदिर बगीचा, स्कीम नंबर 36 स्थित सिद्धेश्वर महादेव मंदिर बगीचा, इंदिरानगर में कपिशेश्वर मंदिर बगीचा, पंचवटी कॉलोनी बगीचा, वीनू वाटिका जवाहर नगर, अमृत गार्डन जवाहर नगर, स्कीम नंबर 34 स्थित अमृत गार्डन, बंगला नंबर 55 स्थित बगीचा, वार्ड क्रमांक 23 में बाबू भाई कचोरी वाले के सामने बगीचा, स्कीम नंबर 7 में कालका माता मंदिर बगीचा, वार्ड क्रमांक 18 में आसमानी माता मंदिर बगीचा व इंदिरानगर मैं रंजीत हनुमान मंदिर बगीचे का सौंदरीकरण कराया गया है और शेष बगीचे के सौंदरीकरण का प्रस्ताव भी तैयार करवाया जा रहा है।

# जनगणना ही जनकल्याण का आधार : चंद्रा

- कलेक्टर ने किया नीमच में दो दिवसीय जनगणना प्रशिक्षण कार्यक्रम का उद्घाटन
- जिले के नागरिकों को अपना जनगणना डेटा स्वयं ऑनलाइन अपलोड करने की मिलेगी सुविधा



**नीमच।** केंद्र सरकार के जनगणना कार्य निदेशालय के निर्देशानुसार जनगणना 2027 के सफल क्रियान्वयन के लिए नियुक्त चार्ज अधिकारियों का दो दिवसीय जिला स्तरीय प्रशिक्षण जिला पंचायत सभागार में प्रारंभ हुआ। यह प्रशिक्षण 23 -24 फरवरी को दो दिवस आयोजित हो रहा है। इस मौके पर कलेक्टर हिमांशु चंद्रा, जिला पंचायत सीईओ अमन वैष्णव, एडीएम बी.एस. कलेश, सभी एसडीएम, तहसीलदार, सीएमओ उपस्थित थे।

प्रशिक्षण में सभी एसडीएम, तहसीलदार, नगरपालिका एवं नगरपरिषद के मुख्य नगरपालिका अधिकारियों तथा जनगणना लिपिकों ने सहभागिता की। जनगणना के नोडल अधिकारी अभिषेक सिंह ठाकुर और संदीप सिह ने प्रशिक्षण दिया।

प्रशिक्षण के दौरान अवगत कराया गया कि जनगणना 2027 के प्रथम चरण में मकान सूचीकरण एवं मकानों की गणना का कार्य 01 से 30 मई 2026 की अवधि में किया जाएगा। इसके लिए नगरीय एवं ग्रामीण स्तर पर चार्ज अधिकारियों की नियुक्ति की जा चुकी हैं। प्रथम चरण में मकान सूचीकरण कार्य के अंतर्गत प्रत्येक भवन का सर्वेक्षण किया जाएगा। सुपरवाइजर के निर्देशन में प्रगणक घर-घर जाकर सत्यापन करेंगे।

जनगणना 2027 में नागरिकों की सहभागिता बढ़ाने के उद्देश्य से एक स्व-गणना वेब पोर्टल विकसित किया गया है। Self Enumeration Web Portal के माध्यम से निवासी स्वयं ऑनलाइन अपना जनगणना डेटा भर सकेंगे। इससे आंकड़ों की सटीकता में सुधार होगा, प्रगणकों का कार्यभार कम होगा तथा डिजिटल डेटा संग्रह प्रक्रिया अधिक सुव्यवस्थित और पारदर्शी बनेगी। जिला प्रशासन ने सभी संबंधित अधिकारियों एवं कर्मचारियों से जनगणना कार्य को पूर्ण जिम्मेदारी एवं गंभीरता के साथ संपन्न करने का आह्वान किया हैं। प्रारंभ में कलेक्टर श्री हिमांशु चंद्रा ने दीप प्रज्जवलन कर चार्ज अधिकारियों के प्रशिक्षण कार्यक्रम का शुभारंभ किया। उन्होने जनगणना प्रशिक्षण को गंभीरता से लेने और गुणवत्तापूर्ण प्रशिक्षण प्राप्त करने के निर्देश दिए। कलेक्टर ने कहा, कि जनगणना एक महत्वपूर्ण कार्य है। जनगणना जनकल्याण का आधार है।

प्रारंभ में डिप्टी कलेक्टर पराग जैन एसडीएम संजीव साहू ने अतिथियों का स्वागत किया। कार्यक्रम की रूपरेखा पर एडीएम बी.एस. कलेश ने प्रकाश डाला।



# सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र का स्टेट कायाकल्प टीम ने किया निरीक्षण

- स्वास्थ्य केंद्र को सुचारू एवं सुव्यवस्थित रूप से संचालन के निर्देश

**सिंगोली।** रविवार को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र सिंगोली में स्टेट कायाकल्प टीम द्वारा निरीक्षण किया गया। प्राप्त जानकारी के अनुसार रविवार दोपहर स्टेट कायाकल्प टीम के डॉ हिमांशु यजुर्वेदी द्वारा सीएचएमओ डॉ दिनेश प्रसाद, प्रभारी ब्लॉक मेडिकल ऑफिसर डॉ मोहन मुजाल्दे के साथ सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र सिंगोली में साफ सफाई, मेडिकल रिकॉर्ड, दवाइयों के रिकॉर्ड एवं अन्य व्यवस्थाओ का निरीक्षण किया।

निरीक्षण के दौरान सुधारात्मक बिन्दुओं पर चर्चा की एवं स्वास्थ्य केंद्र को सुचारू एवं सुव्यवस्थित रूप से संचालन के निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान सीएमएचओ डॉ दिनेश प्रसाद, प्रभारी बीएमओ डॉ मोहन मुजालदे, सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र प्रभारी डॉ इतेश व्यास, प्रभारी महिला चिकित्सक डॉ सलोनी शर्मा व्यास, डॉ लोकेश पाटीदार एवं स्टाफ के सदस्यगण उपस्थित थे।

# चार पहिया वाहनों पर ब्लेक फिल्म मिलने पर सख्त हो कार्रवाई

- हेलमेट उपयोग के लिए व्यापक जनजागरूकता अभियान चलाए
- जिला स्तरीय सड़क सुरक्षा समिति की बैठक




**नीमच। जिले में वाहनों पर काली फिल्म लगाकर वाहन उपयोग करने वालों के विरूद्ध अभियान चलाकर सख्त कार्यवाही की जाए। हेलमेट का उपयोग नहीं करने वाले, दो पहिया वाहन चालकों के विरूद्ध चालानी कार्रवाई की जाए।**

सभी शासकीय सेवक, वाहन चलाते समय हेलमेट का अनिवार्य रूप से उपयोग करें। प्रदूषण फैलाने वाले वाहनों के विरूद्ध भी कार्यवाही निरंतर जारी रहे। यह निर्देश कलेक्टर हिमांशु चंद्रा की अध्यक्षता में सोमवार को कलेक्टोरेट सभाकक्ष नीमच में आयोजित जिला स्तरीय सड़क सुरक्षा समिति की बैठक में परिवहन अधिकारी एवं यातायात थाना प्रभारी को दिए गये। बैठक में एसपी श्री अंकित जायसवाल, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक श्री नवल सिह सिसोदिया, कार्यपालन यंत्री लोक निर्माण श्री अमित नार्गेश, मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ.दिनेश प्रसाद सहित अन्य जिला अधिकारी एवं समिति की सदस्यगण उपस्थित थे।

बैठक में बताया गया, कि परिवहन विभाग द्वारा एक माह में ओव्हरलोड बस एवं ट्रकों पर 65 हजार रूपये की चालानी की गई है। इसके अलावा 145 चालानी कार्यवाही, पुलिस एवं परिवहन विभाग द्वारा संयुक्त रूप से भी की गई है। बैठक में मुख्य चिकित्सा अधिकारी को निजी एम्बुलेंस वाहनों का पंजीयन करने और जानकारी संकलित कर प्रस्तुत करने के निर्देश भी दिए गए। एमपीआरडीसी को हाईवे पर सडकों के शोल्डर्स पर अवैध अतिक्रमण हटाने के निर्देश दिए। साथ ही निर्माणाधीन पुल, पुलियाओं, सडकों के निर्माण स्थल पर डायसवर्सन, बोर्ड, रिप्लेक्टर संकेतक अनिवार्य रूप से लगवाने के निर्देश भी संबंधित अधिकारियों को दिए गये।

बैठक में कलेक्टर ने सगराना घाटी पर गति सीमा, दुर्घटना संभावित क्षेत्र के संकेतक बोर्ड लगवाने और ब्लिंकर लगाने रेडियम पट्टी, स्पीड ब्रेकर पर मार्किंग करवाने के निर्देश भी एम.पी.आर.डी.सी. को दिए हैं।

## एक नजर में

### शांति समिति की बैठक में होलिका दहन 2 और धूलंडी पर्व चार मार्च को मनाने पर सहमति




**रामपुरा।** नगर के थाना परिसर में आगामी त्यौहारों को लेकर सोमवार को शांति समिति की बैठक हुई। इसमें आने वाले त्यौहार होलीका दहन, धूलेडी पर्व, रमजान, ईद पर्व आदि त्योहारों को शांति पूर्वक एवं आपसी भाईचारे के साथ मनाये जाने हेतु बैठक में चर्चा की गई। बैठक में महिला सुरक्षा विभाग़ एवं मनासा प्रभारी निकिता सिंह ने आगामी पर्व की व्यवस्थाएं हेतु विभिन्न विभागों को दिशा निर्देश दिए। इस बैठक में थाना प्रभारी विपिन मसीह, विद्युत विभाग के सहायक यंत्री हरीश जोशी, नगर परिषद विभाग से नंदलाल प्रजापत, अनिल डबकरा, राजस्व विभाग सहित दोनों समुदाय के पदाधिकारी गण, नगर के नागरिक गण एवं पुलिस स्टाफ मौजूद था।

### पगड़ी दस्तूर में अनोखी पहल, स्मृति में भवन के लिए 5100 रुपये भेंट



**मनासा।** नगर में स्वर्गीय रामनारायण गुर्जर के पगड़ी दस्तूर कार्यक्रम में समाज सेवा की प्रेरक मिसाल देखने को मिली। उनके सुपुत्र डॉ. सूरज गुर्जर और गोविंद गुर्जर ने अपने पूज्य पिता की स्मृति में गुर्जर समाज द्वारा निर्माणाधीन सामुदायिक भवन के लिए 5100 रुपये की राशि भेंट की। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में समाजजन उपस्थित रहे। उपस्थित सदस्यों ने दोनों भाइयों की इस पहल की सराहना करते हुए इसे समाज के लिए अनुकरणीय बताया। उल्लेखनीय है कि मनासा में गुर्जर समाज द्वारा सामुदायिक भवन का निर्माण कार्य चल रहा है, जिसमें समाज के विभिन्न परिवार सहयोग कर रहे हैं। पगड़ी रस्म के अवसर पर दी गई यह सहायता राशि सेवा और सामाजिक एकता की भावना का प्रतीक मानी जा रही है।

### इलेक्ट्रिक स्कुटी चुराने के आरोपी को चद घंटे में ही किया गिरफ्तार



**नीमच।** पुलिस अधीक्षक अंकित जायसवाल द्वारा रेल्वे फाटक के पास बघाना से चोरी गई इलेक्ट्रीक स्कुटी की शीघ्र पतारसी कर कार्रवाई करने के लिए निर्देशित किया गया था, जो अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक नवलसिंह सिसोदिया एवं नगर पुलिस अधीक्षक किरण चौहान के मार्गदर्शन एवं थाना प्रभारी बघाना राधेश्याम दांगी के नेतृत्व में पृथक- पृथक पुलिस टीमों का गठन किया गया। पुलिस टीमों द्वारा घटनास्थल के आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों का अवलोकन करते एक अज्ञात व्यक्ति चोरी गई इलेक्ट्रीक स्कुटी को लेकर जाता दिखायी दिया तथा मुखबीर सूचना के आधार पर मुलचंद मार्ग शराब ठेके के पास व्यक्ति स्कुटी बेचने की बात करने की सूचना प्राप्त होने पर मोके पर पहुचकर मुखबीर द्वारा बताये हुलिए के व्यक्ति सुजल पिता राधेश्याम मावर उम्र 20 साल नि सुभाष नगर चौकी हाट की चौकी थाना स्टेशन रोड जिला रतलाम से हिकमतअमली से पुछताछ करते जुर्म स्वीकार करने पर चंद घंटे के अंदर गिरफ्तार कर चोरी गया मश्रुका इलेक्ट्रोनिक टीवीएस आई क्यु स्कुटी को जप्त करने में बडी सफलता मिली है। आगे की जांच और कार्रवाई जारी है।

# तीसरी आंख की तरह काम करें पत्रकार : विधायक सकलेचा

- मध्यप्रदेश श्रमजीवी पत्रकार संघ नीमच जिला इकाई का कार्ड वितरण कार्यक्रम




**जावद। प्रदेश में पत्रकारों के सबसे बड़े रजिस्टर्ड संगठन मध्यप्रदेश श्रमजीवी पत्रकार संघ नीमच जिला इकाई का वर्ष 2026 के परिचय पत्र कार्ड वितरण का कार्यक्रम दिनांक 22 फरवरी को जावद के वीरेन्द्र कुमार सकलेचा सामुदायिक भवन खोर दरवाजे पर समारोह पूर्वक सम्पन्न हुआ।**

कार्यक्रम की अध्यक्षता जिलाध्यक्ष प्रदीप जैन ने की वही मुख्य अतिथि के रूप में संगठन के रतलाम संभागीय अध्यक्ष डाक्टर प्रीतिपाल सिंह राणा, क्षेत्रीय विधायक ओमप्रकाश सखलेचा, भाजपा जिला महामंत्री अशोक सोनी विक्रम, जावद नगर परिषद अध्यक्ष सोहन माली, सिंगोली नगर परिषद अध्यक्ष सुरेश जैन भाया, रतनगढ़ नगर परिषद अध्यक्ष प्रतिनिधि कचरुमल गुर्जर, नीमच जिला प्रेस क्लब अध्यक्ष श्याम गूर्जर, समाजसेवी विजय मुच्छाल, जिला कार्यकारी अध्यक्ष चैन सिंह सोलंकी, महासचिव कैलाश राठौर, प्रकाश बंसल उपस्थित थे कार्यक्रम की शुरुआत अतिथियों द्वारा मां शारदा की पूजा अर्चना के साथ की गई।

मिलन समारोह ओर कार्ड वितरण कार्यक्रम में वरिष्ठ पत्रकार हरीश शर्मा विमल जैन गोपाल दास बैरागी महेश जैन, युगल बैरागी, सतीश व्यास हेमंत शर्मा ने पत्रकार हितों को लेकर अपने विचार व्यक्त किए। कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे जिलाध्यक्ष प्रदीप जैन ने सरकार के प्रतिनिधि एवं क्षेत्रीय विधायक ओमप्रकाश सखलेचा के समक्ष पत्रकार हितों की प्रमुख मार्गों को लेकर बात रखी जिसमें पत्रकार सुरक्षा कानून शीघ्र लागू हो, जिले में पत्रकार भवन के भूमि आवंटित हो पत्रकारो के लिए कार्यशाला आयोजित हो तथा प्रशासन के अधिकारियों द्वारा पत्रकारो को पुरा सम्मान मिले जैसे विषय रखे गये।

कार्यक्रम में बोलते हुए संभागीय अध्यक्ष डाक्टर प्रीतिपाल सिंह राणा ने कहा कि हमे हमारे सम्मान के लिए सकारात्मक सही सटीक पत्रकारिता करना चाहिए ना कि चाटुकारिता कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि बोलते हुए क्षेत्रीय विधायक ओमप्रकाश सखलेचा ने कहा कि पत्रकार सरकार प्रशासन ओर समाज के बीच तीसरी आंख की तरह काम करता है।

हम राजनीति के क्षेत्र में काम करते हैं हमें भी अनेक बार पत्रकार साथियों से नये नये विजन मिलते हैं ओर हम उन पर काम करते हैं। विधायक ओमप्रकाश सखलेचा ने पत्रकार सुरक्षा कानून पत्रकार भवन के लिए पत्रकारों की आवाज बनकर बात करने की बात कही। कार्यक्रम में भाजपा जिला महामंत्री अशोक सोनी विक्रम ने भी अपने विचार व्यक्त किये।




# नि :शुल्क होम्योपैथिक चिकित्सा शिविर में बांटी दवाइयां भी

**नीमच।** जैन सोशल ग्रुप उड़ान 407 के द्वारा रीजन के ऊर्जावान अध्यक्ष राहुल चपड़ोद द्वारा नवसृजन के अंतर्गत प्रति माह दी जाने वाली सेवा गतिविधियों को एक से अधिक बार बहुत ही तन्मयता से उत्साह और उमंग के साथ सुचारु रूप से सफलता पूर्वक संपन्न किया जा रहा है।

इसी कड़ी में इस माह की गतिविधि मानव सेवा के लिए स्वास्थ्य शिविर का आयोजन करना था। मानव सेवा की इस गतिविधि को उड़ान ग्रुप नीमच के तत्वावधान में स्व. श्री रतन लाल जी गट्टू बाई सहलोत की पुण्य स्मृति में दूसरी बार परिजनों के सोजन्य से एक दिवसीय नि:शुल्क होम्योपैथिक चिकित्सा शिविर का आयोजन सफलता पूर्वक संपन्न हुआ। शिविर में पाइल्स (बवासीर) फिस्टुला (भगंदर) एवं फिशर (गुदा में दरार) एवं अन्य रोगों से पीड़ित रोगियों का परीक्षण, परामर्श एवं सात दिन की होम्योपैथिक दवाइयां नि:शुल्क उपलब्ध कराई गई। कुछ मरीज ऐसे भी आएं जिन्होंने एक - दो बार आपरेशन करवा लिया था, लेकिन पुन: तकलीफ हो गई। कुछ मरीजों को बहुत खून बह रहा था। ऐसे सभी मरिजों का परीक्षण पश्चात सात दिन की दवाइयां नि:शुल्क उपलब्ध कराई गई।



# लॉयंस क्लब नीमच को मिला 2728 वां नेत्रदान शक्ति नगर निवासी भेरूमलानी परिवार से

**नीमच।** पीड़ित मानवता की सेवा को समर्पित लॉयंस क्लब्स इंटरनेशनल की इकाई लॉयंस क्लब नीमच द्वारा अन्धत्व निवारण के लिए जारी नेत्रदान अभियान के तहत सोमवार को वीर शक्ति नगर, फेज 6, म. न. 14-15 निवासी मोहनलाल जी भेरूमलानी पिता चेलाराम भेरूमलानी के देहावसान पश्चात् उनके परिजन भारती भेरूमलानी (धर्मपत्नी), रूपेश जी भेरूमलानी, खुशाल जी भेरूमलानी (पुत्र), योगिताजी केवलानी (पुत्री) एवं परिवार ने श्री सिन्धी सोशल ग्रुप, नीमच की प्रेरणा से लायंस क्लब, नीमच को नेत्रदान कराए। यह नेत्रदान अब तक का 2728 वाँ एवं सत्र का 29 वां नेत्रदान है। नेत्र गोमाबाई नेत्रालय के ऑप्थोमेट्रिस्ट श्री कमलाशंकरजी नागदा एवं उनके सहयोगी द्वारा उत्सारित कर जरूरतमंदों को नि:शुल्क प्रत्यारोपण के लिए गोमाबाई नेत्रालय भेजे गए।

नेत्रदान सम्पन्न करवाने में क्लब सचिव लायन गुरमुखसिंह छाबड़ा एवं वरिष्ठ लॉयन प्रकाश रामनानी का सराहनीय सहयोग रहा। नेत्रदान के समय परिवारजन और गणमान्यजन उपस्थित थे।

## एक नजर — नीमच पुलिस की प्रभावी कार्यवाही

# रात्रि में कॉम्बिंग गश्त के दौरान 151 गैर जमानती वारंट तामील



**नीमच।** पुलिस अधीक्षक जिला नीमच अंकित जायसवाल के निर्देशानुसार नवलसिंह सिसोदिया अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक नीमच के मार्गदर्शन में दिनांक 22/23.02.2026 की दरम्यानी रात्रि में जिला नीमच के समस्त थाना क्षेत्रों में कॉम्बिंग गश्त का आयोजन किया गया है। कॉम्बिंग गश्त के दौरान जिले के समस्त राजपत्रित अधिकारी/थाना प्रभारी/चौकी प्रभारी एवं पुलिस बल द्वारा सम्पूर्ण जिले में लंबे समय से फरार चल रहे आरोपियों की गिरफ्तारी, निगरानी/गुण्डा बदमाशों की चौकिंग, होटल/लॉज/ढाबा चौकिंग, लघु अधिनियम के अंतर्गत प्रभावी कार्यवाही, गंभीर अपराधों में फरार चल रहे आरोपियों की गिरफ्तारी, महिला संबंधी अपराधों के आदतन आरोपियों की चौकिंग, हेतु सम्पूर्ण जिले में कॉम्बिंग गश्त का आयोजन किया गया, कार्यवाही के दौरान-

1. कॉम्बिंग गश्त के दौरान 12 स्थानों पर संयुक्त चौकिंग की कार्यवाही की गई, जिसमें चौकिंग के दौरान 400 से अधिक वाहनों की चैकिंग की जाकर यातायात नियमों के उल्लंघन पर 72 वाहनों के चालान काटे जाकर 31600/- रूपयें का समन शुल्क वसुल किया गया तथा शराब पीकर वाहन चलाने वाले वाहन चालकों की चौकिंग की जाकर धारा 185 मो.व्हीकल एक्ट के तहत कार्यवाही की गई।
2. कुल 151 वारंट तामील कराये गये जिसमें से 57-स्थाई, 01 फरारी एवं 93-गिरफ्तारी वारंट शामिल है, उक्त स्थाई वारंटी काफी समय से फरार चल रहे थे।
3. वारंट तामीली में मादक पदार्थ तस्करी - 06, शरीर संबंधी अपराधों के - 73, संपत्ती संबंधी अपराधों के - 28 वारंट तामील कराये।
4. कुल 138 निगरानी बदमाश/गुण्डा की चौकिंग रात्रि में की गई।
5. अवैधानिक गतिविधियों को रोकने के लिये 72 होटल, लॉज, ढाबा चेक किये गये।
6. आबकारी अधिनियम के तहत कुल 17 प्रकरणों में कार्यवाही करते हुये 81 लीटर अवैध शराब जप्त की गई।